Title: Need to accord sanction to the proposal of Government of Chhattisgarh for opening of a medical college at Bilaspur.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर में मेडीकल कालेज खोलने के लिए जिला बिलासपुर के गुरूघासी दास विश्वविद्यालय द्वारा मेडीकल कॉलेज खोलने हेतु संपूर्ण औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं, प्रथम अध्ययन दल केन्द्र सरकार द्वारा माह अप्रेल, सन् 2001 जिला बिलासपुर गया था। उन्होंने अपना प्रतिवेदन लोक स्वास्थ्य वभाग को दिया था। रिपोर्ट के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रथम स्वीकृत कर जांच हेतु मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु भेज दी थी। इसके बाद मेडीकल काउंसिल आफ इंडिया के द्वारा जुलाई, सन् 2001 माह में जांच दल बिलासपुर में पहुंचा। रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है। बिलासपुर में मेडीकल कॉलेज खोलने की आवश्यकता इस कारण है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरे नंबर का शहर है तथा यहां पर हाईकोर्ट भी है। रेलवे जोन का मुख्यालय, कमिश्नर मुख्यालय, बड़े-बड़े कारखाने, एस ई एल मुख्यालय तथा दो बड़े औद्योगिक क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र के शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विकास हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिलासपुर में मेडीकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति प्रदान की जाए।